सत्यमेव जयते

# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## अष्टम् सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग–4

वृहस्पतिवार, तिथि $\frac{\text{02 फाल्गुन, 2034 (श0)}}{\text{21 फरवरी, 2013 (ई0)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या 104

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग | .. | .. | 22 |
| (2) नगर विकास विभाग | .. | .. | 37 |
| (3) राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग | .. | .. | 12 |
| (4) कृषि विभाग | .. | .. | 11 |
| (5) पशुपालन एवं मत्स्य विभाग | .. | .. | 07 |
| (6) खाद्य, आपूर्ति एवं वाणिज्य विभाग | .. | .. | 11 |
| (7) सहकारिता विभाग | .. | .. | 04 |
| | कुल योग | .. | 104 |

दोषी पर कार्रवाई

*204. श्री अब्दुलबारी सिद्दिकी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर के बैरिया गोलम्बर चौक स्थित एन०एच० 28 की भूमि सरकार द्वारा अर्जित है जिसे डॉ० धीरेन्द्र प्रसाद सिंह द्वारा फर्जी तरीके से बेचा जा रहा है और उसपर अवैध कब्जा किया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त फर्जी कारोबार की जाँच करने हेतु श्री बालेश्वर पासवान, ग्राम+पो० कोलुआ पैगम्बरपुर, थाना अहियापुर अंचल कांटी, जिला मुजफ्फरपुर ने निगरानी विभाग में शपथ-पत्र देकर शिकायत की है जिसके आलोक में निगरानी विभाग ने दिनांक 25 मई, 2012 को अपना जाँच प्रतिवेदन विभाग को समर्पित किया है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त कारोबार की जाँच एवं विधि-सम्मत कार्रवाई हेतु नेता विरोधी दल के पत्रांक 1036 का०/12, दिनांक 24 दिसम्बर, 2012 द्वारा प्रधान सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को लिखा गया है, यदि हां, तो दोषी पर अबतक कौन-सी कार्रवाई की गयी है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---------

जाँच कराना

*205. श्री संजय कुमार--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के राजापाकड़ प्रखंड की जनता द्वारा किरासन तेल के उठाव एवं वितरण में अनियमित्ता बरतने के संबंध में प्रश्नकर्ता ने अपने पत्रांक 506, दिनांक 4 जून, 2012 एवं मुख्य मंत्री शताब्दी चावल उत्सव 2011 के तहत गरीबी रेखा से नीचे रह रहे लोगों को आनाज वितरण करने संबंधी आरोपों की जाँच हेतु अपने पत्रांक 602, दिनांक 28 दिसम्बर, 2012 द्वारा जिला आपूर्ति पदाधिकारी, वैशाली को पत्र लिखा था;

(2) क्या यह बात सही है कि संबंधित पदाधिकारी द्वारा प्रश्नकर्ता को पत्र की प्राप्ति की सूचना तक नहीं दी गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उपरोक्त आरोपों की जाँच कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

दोषियों पर कार्रवाई

*206. श्री संजय सिंह टाइगर--स्थानीय हिन्दी दैनिक में दिनांक 15 दिसम्बर, 2012 को प्रकाशित शीर्षक "कूपन लेकर राशन दुकानों के चक्कर काट रहे लोग" को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में पी०डी०एस० डीलर द्वारा अन्त्योदय, अन्नपूर्णा पी०बी०एल० एवं ए०पी०एल० कार्डधारी को समय पर खाद्य सामग्रियों की आपूर्ति नहीं हो रही है, यदि हां, तो सरकार पी०डी०एस० डीलरों द्वारा अन्त्योदय, अन्नपूर्णा बी०पी०एल०, ए०पी०एल० कार्डधारियों को समय पर खाद्य सामग्रियों की आपूर्ति कराने एवं दोषियों पर कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विकास कराना

*207. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम नगर एक एतिहासिक शहर है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार सासाराम शहर के लिए मास्टर प्लान के तहत विकास कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों

--------

पदस्थापित करना

*208. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत घोघरडीहा प्रखंड में प्रखंड पशु चिकित्सक का पद एक वर्ष से रिक्त है, जिससे पशुपालकों को पशु चिकित्सा में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक पशु चिकित्सक को पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

योजना का कार्यान्वयन

*209. श्री विनोद नारायण झा--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित शीर्षक ''आवास बोर्ड की योजना पर लगा ग्रहण'' की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य आवास बोर्ड ने नवम्बर, 2010 में एक लाख आवासीय फ्लैट बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया था, जिसके तहत पाँच साल में आवासीय कॉलोनियों के साथ मिनी टाउनशीप बनाने की योजना थी;

(2) क्या यह बात सही है कि 3 जनवरी, 2011 के राज्य के मुख्य मंत्री के समक्ष इसका प्रेजेंटेशन किया गया था जिसके तहत पहले चरण में पटना, गया और भागलपुर में 25 हजार आवासीय फ्लैट बनाने की योजना थी परन्तु इस योजना का कार्यान्वयन अभीतक नहीं हो पाया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त योजना का कार्यान्वयन एक समय-सीमा के अन्दर प्रारम्भ करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुनर्निर्माण कराना

*210. श्री राम लषण राम ''रमण''--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत अंधराठाढ़ी प्रखंड मुख्यालय में 20 (बीस) वर्ष पूर्व पानी टंकी का निर्माण किया गया एवं बिना पेयजल मुहैया कराये पानी टंकी 15 (पन्द्रह) वर्ष पूर्व ध्वस्त हो गया, यदि हां, तो सरकार कबतक उक्त पानी टंकी का पुनर्निर्माण कराकर पेयजल संकट दूर कराना चाहती है ?

---------

सड़क का निर्माण

*211. श्रीमती नीता चौधरी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के हवेली खड़गपुर प्रखंड अन्तर्गत हवेली खड़गपुर नगर पंचायत में अम्बेदकर चौक से पुरानी मानिक चौक तक, कन्या मध्य विद्यालय से शेखटोला होते हुए बड़ी दुर्गास्थान तक पी०सी०सी० सड़क का निर्माण आजतक नहीं हुआ है;

(2) यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण शीघ्र कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

प्रयोगशाला स्थापित करना

*212. श्री राम नरेश प्रसाद यादव--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार एवं सोनबरसा प्रखंड में मिट्टी जाँच प्रयोगशाला नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार सीतामढ़ी जिला के परिहार एवं सोनबरसा प्रखंड में मिट्टी जाँच प्रयोगशाला शीघ्र स्थापित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नक्शा उपलब्ध कराना

*213. श्री सबा जफर--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला मुख्यालय वर्ष 2004-05 में पूर्णियाँ जिला के किसी अंचल को मौजा वाईज नक्शा नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जिला मुख्यालय में जमीन का नक्शा नहीं होने के कारण उक्त जिला में जमीन की मापी में काफी कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पूर्णियाँ जिला में मौजा वाईज नक्शा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना

*214. श्री श्रवण कुमार--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के राजगीर प्रखण्ड के नेकपुर, चैनपुर, नोमा, बड़हरी, पथरौरा, तिलैया, खरजमा, करीमपुर, कोनार नगर, भागलपुर, कहटा, मोहनपुर, दुहैय-सुहैय, मजैठा, विष्णपुर, विच्छाकोल, मेयारगढ़, कोलवावाद, विजय नगर, चन्द्रशेखर नगर, मोरा ढेरा, हिन्दुपुर, बेलदार बिगहा, खरजमा रटना, अजीमाबाद, धासी बिगहा, भुई, पहीतीया, बड़ी-मिलकी, चन्दौरा इत्यादि गाँवों में ऊपरी सतह के पानी में आर्सेनिक पायी गई है, जिसके चलते लोगों को कई प्रकार की बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है;

(2) यदि खण्ड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त सभी गाँवों में पेयजल उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक ?

---------

चालू कराना

*215. श्री जय कुमार सिंह--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना सिटी बाजार समिति स्थित 26000 टन क्षमता वाले अन्न भंडारण (शैलो) का निर्माण पूर्व मुख्य मंत्री बिन्देश्वरी दूबे के समय किया गया था, जिसका उपयोग 1991-92 तक किया गया तथा 1993 से बन्द कर दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि यह देश का दूसरा सबसे बड़ा अन्न भंडारण के साथ-साथ अत्याधुनिक भी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दो दशक से बन्द उक्त अन्न भंडारण केन्द्र को चालू कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक ?

---------

जलमीनार का निर्माण

*216. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत इसुआपुर प्रखण्ड के शाम-कौड़ीया, चकहन, गोहा एवं महुली गाँव एक दूसरे से जुड़ा हुआ है, जिसके बीच एक बहुत बड़ा बाजार शाम कौड़ीया बाजार के नाम से प्रसिद्ध है जहाँ हाई स्कूल, बैंक एवं रेलवे स्टेशन तथा अन्य संस्था अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि यहाँ जलमीनार नहीं रहने के कारण आमलोगों को जलापूर्ति में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर एक जलमीनार का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*217. श्री विक्रम कुँवर--दिनांक 8 दिसम्बर, 2012 को हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित ''कहाँ गया अनाज'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के 8 जिलों में कुल 17990 डीलर हैं इनमें 8928 डीलर ऐसे हैं जिनपर काम के बदले अनाज योजना का अनाज रखने का आरोप है;

(2) क्या यह बात सही है कि योजना बन्द होने के बाद भी कुल 1 करोड़ 60 लाख क्वींटल अनाज इनके पास रह गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि 8928 डीलरों में से सिर्फ 3932 डीलरों पर ही नीलाम पत्रवाद दायर किया गया;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी उच्चस्तरीय जाँच कराकर दोषी के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

ठोस उपाय करना

*218. श्री चन्द्रशेखर--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 27 अगस्त, 2012 के अंक में प्रकाशित शीर्षक ''कालाबाजारी का 125 बोरा यूरिया खाद बरामद, चालक गिरफ्तार'' के आलोक में क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रखण्ड शंकरपुर जिला मधेपुरा के लाईसेंसी खाद व्यवसायी द्वारा 125 बोरी कालाबाजारी का खाद दूसरे के शहर के व्यवसायी को भेजा जा रहा था;

(2) क्या यह बात सही है कि कालाबाजारी हेतु ले जा रहे खाद को शंकरपुर पुलिस ने रंगे हाथों पकड़ा था;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खाद की कालाबाजारी रोकने, किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने एवं खाद व्यवसायी द्वारा किसानों को रसीद मुहैया कराने हेतु ठोस उपाय करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कैसे और कबतक ?

---------

शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना

*219. डॉ० कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के अतरी विधान-सभा क्षेत्र के धुसरी, चण्डी, मोहड़ा नादरा, सिर्थौल, कटारी-अनेकों गाँव का पानी में आयरन, फ्लोराइड, आर्सेनिक पाये जाते हैं तथा पानी प्रदूषित है, यदि हां, तो क्या सरकार अतरी विधान-सभा क्षेत्र के उक्त गाँवों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

प्रतिनियुक्त करना

*220. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला अन्तर्गत खरीक प्रखण्ड में विगत आठ महीने से अंचलाधिकारी नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि खरीक प्रखण्ड में अंचलाधिकारी नहीं रहने के वजह से सरकार को राजस्व की क्षति एवं किसानों को जमीन संबंधी कार्य कराने में कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खरीक अंचल में अंचलाधिकारी प्रतिनियुक्त करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

प्रयोगशाला खोलना

*221. डॉ० अरूण कुमार--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर अनुमण्डल में मिट्टी जाँच प्रयोगशाला नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि मिट्टी जाँच प्रयोगशाला नहीं रहने के कारण पूरे अनुमण्डल के किसानों को काफी नुकसान होता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अनुमण्डल में मिट्टी जाँच प्रयोगशाला खोलने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*222. डॉ० रामानन्द यादव--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दानापुर नगर परिषद् के वार्ड नं० 10 मुहल्ला मैनपुरा-दानापुर-खगौल मुख्य सड़क से श्री बद्री राय के मकान होते हुये श्री मनीन्दर राय से खरन्जा रोड होते हुये मध्य विद्यालय मुख्य सड़क तक,सड़क एवं नाला की स्थिति अत्यन्त जर्जर एवं गंदे पानी का जमाव रहता है, जिसके कारण वहाँ के निवासियों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि खण्ड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क एवं नाला का निर्माण कराने पर विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों नहीं ?

----------

विशेष अनुदान देना

*223. श्री वीरेन्द्र सिंह--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार के मगध प्रमण्डल में ऊपजने वाले पान की विशेष प्रजाति के मगही पान की माँग राज्य के बाहर भी है परन्तु इस कृषि कार्य में लगे किसानों को विशेष सहायता अनुदान नहीं मिलने के कारण इस महत्वपूर्ण कृषि कार्य का पर्याप्त में वर्धन नहीं हो पा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि गया जिले के पूर्वी क्षेत्र वजीरगंज प्रखण्ड का पीपरा एवं जमुआवां पंचायत मगही पान उत्पादन के लिए विशेष रूप से चर्चित है जहाँ के पचास एकड़ भू-भाग में मगही पान की सघन खेती होती है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मगही पान उत्पादक किसानों को इस खेती में विशेष अनुदान देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

चापाकल गड़वाना

*224. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत खजौली प्रखण्ड में वर्ष 2009-10 में एन०सी०पी०सी० योजना के तहत 100 चापाकल निर्माण की स्वीकृति दी गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि स्थल चयन कर सूची भी बनाई गयी, परन्तु चापाकल निर्माण कार्य सम्पन्न नहीं किया गया है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक चयनित सूची के आधार पर चापाकल गड़वाने का विचार रखती है ?

----------

राशि सरेन्डर का औचित्य

*225. प्रो० उषा सिन्हा--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 16 दिसम्बर, 2012 को प्रकाशित ''लौट रहा महादलितों की जमीन का पैसा'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला को महादलित परिवारों की भूमि उपलब्ध कराने हेतु मार्च, 2009 से मार्च, 2011 के बीच 3.88 करोड़ की राशि मुहैया कराई गई लेकिन इसका एक बड़ा हिस्सा 2.75 करोड़ उपयोग नहीं होने के कारण राशि को सरेन्डर किया गया;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो उक्त राशि को कार्य कराये बिना सरेन्डर करने का क्या औचित्य है ?

----------

सुनिश्चित कराना

*226. श्री अरूण मांझी--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मसौढ़ी विधान-सभा के धनरूआ प्रखण्ड के पैक्स गोदाम में वर्ष 2011-12 से गेहूँ खरीदकर रखा गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि गेहूँ पूर्ण रूप से सड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गेहूँ का रख-रखाव एवं उपयोग सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*227. श्री विनय बिहारी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत अंचल कार्यालय, योगापट्टी परिसर में अंचलाधिकारी का आवास उपलब्ध रहने के बावजुद छः माह पूर्व से तत्कालीन अंचलाधिकारी अपने मुख्यलय में नहीं रहकर जिला मुख्यालय में रहते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि मुख्यालय में अंचलाधिकारी के नहीं रहने के कारण विधि व्यवस्था या अन्य कार्यों के निष्पादन में कठिनाई होती हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मुख्यालय से बाहर रहने वाले लापरवाह पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पानी टंकी चालू कराना

* 228. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम नगर के सदर अस्पताल एवं नूरगंज में पानी टंकी का निर्माण 2009 में हुआ था;

(2) क्या यह बात सही है कि सासाराम नगर में निर्मित दोनों पानी टंकी बन्द पड़े हैं;

(3) क्या यह बात सही है कि सासाराम के लोगों में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खण्ड (1) में वर्णित पानी टंकी को चालू कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

---------

नाला का निर्माण

*229. श्री छेदी पासवान--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत शेरशाह के शासनकाल में उनके भाई सलीम शाह द्वारा सासाराम नगर के मुहल्ला तकिया में एक बहुत बड़ा ऐतिहासिक 52 बीघा में तालाब एवं अधूरा रौजा का निर्माण कराया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त तालाब का निगरानी नहीं होने के कारण लोगों द्वारा तालाब में चारों तरफ मिट्टी भर अतिक्रमण करने एवं नाली का गंदा पानी जाने से तालाब प्रदुषित हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त तालाब का अतिक्रमण हटाने एवं गंदा पानी निकासी हेतु नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

मिट्टी जाँच केन्द्र खोलना

*230. डॉ० कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के नीमचक, बथानी अनुमण्डल में मिट्टी जाँच करने के लिए ''मिट्टी जाँच'' केन्द्र नहीं है, फलस्वरूप किसान बिना मिट्टी जाँच के ही खेती करते हैं, जिससे फसल का उत्पादन दर कम होता है;

(2) यदि खण्ड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार गया जिला के नीमचक, बथानी अनुमण्डल में एक ''मिट्टी जाँच'' केन्द्र खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जलमीनार बनाना

*231. श्री अरूण मांझी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत मसौढ़ी नगर परिषद् क्षेत्र में पेयजल सुविधा हेतु पम्प हाउस है लेकिन न तो पाइप लाइन पूरी तरह चालू है और न ही जलमीनार है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार मसौढ़ी नगर क्षेत्र में पाइप लाइन बिछाना एवं जलमीनार बनाना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पेयजल संकट दूर करना

*232. श्री राम लषण राम रमण--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत अंधराठाढ़ी प्रखण्ड के अंधराठाढ़ी उत्तर पंचायत में राजकीय मध्य विद्यालय के निकट पेयजल की उपलब्धता के लिए 2 वर्ष पूर्व से पानी टंकी बनकर तैयार है तथा ऑपरेटर भी उपलब्ध है;

(2) क्या यह बात सही है कि अबतक पानी टंकी को चालू नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार पानी टंकी को कबतक चालू कराकर पेयजल संकट दूर करना चाहती है ?

---------

पेय जलापूर्ति नियमित कराना

*233. श्री छेदी पासवान--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत मोहनिया प्रखण्ड के ग्राम डडवा, भरखर मुजान, कटराकला, विशुनपुरा और कुदरा प्रखण्ड के ग्राम कुदरा, लालापुर, सकरी, खनैठी में जलमीनार के बिना उक्त ग्रामीणों को जलापूर्ति में बाधा हो रही है;

(2) यदि खण्ड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में जलमीनार से पेय जलापूर्ति नियमित रूप से कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

शौचालय बनाना

*234. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत गुरूआ प्रखण्ड मुख्यालय में सार्वजनिक शौचालय नहीं है, जिसके कारण आम नागरिकों को काफी परेशानी हो रही है, यदि हां, तो सरकार कबतक सार्वजनिक शौचालय बनाने का विचार रखती है-?

---------

व्यवस्था करना

*235. श्री गिरिधारी यादव--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण, 2011 के अनुसार राज्य में गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले परिवारों के मात्र 45 प्रतिशत

को ही पी०डी०एस० का खाद्यान्न मिल रहा है, यदि हां, तो सरकार शत-प्रतिशत बी०पी०एल० परिवारों तक खाद्यान्न पहुँचाने हेतु कौन-सी व्यवस्था करने का विचार रखती है ?

---------

पदस्थापित कराना

*236. डॉ० जावेद इकबाल अंसारी--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिले के बाराहाट प्रखण्ड में प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी के अवकाश प्राप्त के बाद विगत छः महीनों से बाराहाट प्रखण्ड में आपूर्ति पदाधिकारी का पद रिक्त है, जिसके कारण यहाँ के आम उपभोक्ताओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(2) यदि खण्ड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड में आपूर्ति पदाधिकारी को पदस्थापित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

जलापूर्ति कराना

*237. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत काशीचक प्रखण्ड के ग्राम पार्वती के पहाड़ को बुद्ध-इन्द्र संवाद स्थल के नाम से जाना जाता है, यहाँ पर्यटकों की काफी भीड़ रहती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पहाड़ पर पर्यटकों को पेयजल की सुविधा नहीं है, जिससे पर्यटकों को काफी परेशानी होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पार्वती पहाड़ पर पेय जलापूर्ति कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सुविधा मुहैया कराना

*238. श्री सुरेश चंचल--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के फुलवारीशरीफ प्रखण्डान्तर्गत न्यू बाईपास से सटे विशुनपुर पकड़ी ग्राम स्थित इंडियन ऑयल एवं भारत पेट्रोलियम डिपो को जोड़ने वाली 70 फीट सड़क के दोनों किनारे के 80 प्रतिशत भू-भाग पर आवासीय भवन निर्मित है एवं वहाँ पुष्पवाटिका, क्वांटम अपार्टमेंट एवं श्री राम इनक्लेव का निर्माण कार्य जारी है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्राम स्थित 70 फीट सड़क के उत्तर-पूरब भाग को वर्ष 2000-01 में ही पटना नगर निगम में शामिल कर लिया गया है, जबकि सड़क के दक्षिण-पश्चिम भाग अभी भी कुरथौल पंचायत का अंग बना हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में विशुनपुर पकड़ी ग्राम के छूटे हुए भाग को भी नगर निगम में शामिल कर वहाँ नागरिक सुविधा मुहैया कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

आपूर्ति कराना

*239. श्री वीरेन्द्र सिंह--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के मानपुर एवं वजीरगंज प्रखंड में सरकारी खाद, बीज बिक्री केन्द्र होने के बावजूद किसानों को वहांपर उचित दर पर खाद, बीज की आपूर्ति न कर कालाबाजारी किया जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि किसानों को खाद, बीज उचित दर पर नहीं मिलने पर काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी उच्चस्तरीय जाँच कराते हुए किसानों को उक्त प्रखंडों में उचित मूल्य पर खाद, बीज की आपूर्ति निश्चित कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

राशि का आवंटन

*240. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत नगर पंचायत, घोघरडीहा का प्रशासनिक भवन आजतक नहीं बन पाया है;

(2) क्या यह बात सही है कि कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, घोघरडीहा ने अपने पत्रांक 1307, दिनांक 14 नवम्बर, 2009 द्वारा प्रधान सचिव, नगर विकास विभाग को पत्र लिखकर उक्त भवन के निर्माण हेतु 32,90,000 रुपये अतिरिक्त आवंटन की माँग की है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त भवन निर्माण हेतु अतिरिक्त राशि आवंटित कर उपलब्ध कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

जलापूर्ति नहीं करने का औचित्य

*241. श्री अरूण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के नब्बे प्रतिशत आंगनबाड़ी केन्द्र में शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं है, यदि हां, तो इन केन्द्रों पर शुद्ध पेय जलापूर्ति हेतु कारगर उपाय अबतक नहीं करने का क्या औचित्य है ?

---------

जलापूर्ति कराना

*242. श्री राम बालक सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के विभूतिपुर प्रखंड में 1. सिंधिया उत्तर 2. कल्याणपुर उत्तर 3. नरहन में जलमीनार है, लेकिन ग्रामीण जलापूर्ति नहीं हो रही है, सरकार उक्त जलमीनार को चालू कराकर जलापूर्ति कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पानी टंकी लगाना

*243. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के दलसिंह सराय प्रखंड के मधोपुर, पगड़ा, मोक्तयारपुर पाढ़ ग्राम में पानी टंकी नहीं रहने से ग्रामीणों को कठिनाई होती है;

(2) यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त ग्रामों में पानी टंकी लगाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बसों का क्रय

*244. श्री अरूण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नुरूम योजना के तहत पटना और बोधगया में सार्वजनिक परिवहन हेतु क्रमशः 400 और 60 बसों के क्रय हेतु 46.65 करोड़ रुपये राशि का प्रावधान अप्रील, 2012 में किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि अबतक इन बसों का क्रय राज्य सरकार द्वारा नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित बसों को क्रय करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पाइप लाइन बिछाना

*245. श्रीमती मंजु हजारी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत नगर पंचायत, रोसड़ा में पूर्व में निर्मित जलमीनार और जलापूर्ति पाइप लाइन पूरी तरह क्षतिग्रस्त और जर्जर हो चुका है, जिससे नगर में गंदे पेयजल की आपूर्ति हो रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार रोसड़ा नगर पंचायत में नये जलमीनार का निर्माण और नया पाइप लाइन बिछाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

मशीन ठीक कराना

*246. श्री सुबोध राय--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नुतन राजधानी अंचल के पास एक ओर केवल एक ही सेक्शन मशीन (सेफ्टी टैंक या नाला खाली करने वाली मशीन) है, जो महीनों से खराब पड़ी है;

(2) यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त मशीन को ठीक कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक ?

---------

कार्रवाई कराना

*247. श्री विक्रम कुँवर--दिनांक 27 मई, 2012 को हिन्दी समाचार में प्रकाशित ''गोदाम में सड़ा नौनिहालों का निवाला'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्ष 2011 में सीवान, छपरा, गोपालगंज, खगड़िया, सुपौल, पूर्णियां और नवादा जिलों के करीब 1352 प्राइमरी एवं अपर प्राइमरी स्कूलों के बच्चों के लिए जो 4635 क्विंटल अनाज उपलब्ध कराया गया था, वह गोदाम में ही रखा-रखा सड़ गया था, जिसके कारण बच्चों को मिड डे मील के लिए मोहताज रहना पड़ा, यदि हां, तो इसकी जाँच कराकर दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

---------

बीज का वितरण

*248. डॉ० अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कृषि संयंत्रों एवं बीज एवं खाद वितरण संबंधी कार्य पैक्स के माध्यम से किये जाने का निर्णय सरकार ने वर्ष 2010 में ही लिया है;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार के निर्णय के आलोक में सहरसा जिला में कृषि संयंत्र एवं बीज वितरण पैक्स के माध्यम से नहीं कराया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पैक्स के माध्यम से सहरसा जिला में कृषि संयंत्र एवं बीज का वितरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*249. डॉ0 रामानन्द यादव—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत फतुहा नगर पंचायत के वार्ड नं0 22 में मुख्य सड़क एन0एच0 30 के दक्षिण फतुहा चौराहा से मिर्जापुर नोहटा पुल तक नाला पूर्णतः कारगर नहीं होने की वजह से जल निकासी पर्याप्त रूप से नहीं होती है, जिससे गंदे पानी का जमाव बना रहता है, जिसके कारण वहां के निवासियों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त नाला का निर्माण शीघ्र कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

------------

व्यवस्था करना

*250. श्री अख्तरुल ईमान—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज नगर परिषद् में 34 वार्ड है किन्तु किसी भी वार्ड में विगत 6 वर्षों से कूड़ेदान की व्यवस्था नहीं रहने के कारण नगरवासी सड़कों पर कूड़ा-कचड़ा फेंकने पर विवश हैं;

(2) यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार किशनगंज नगर के प्रत्येक वार्ड में कूड़ादान की व्यवस्था एवं एक कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

उपलब्ध कराना

*251. श्री कुमार शैलेन्द्र—क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला अन्तर्गत नारायणपुर, बिहपुर एवं खरीक प्रखण्ड के अंचल में लगान वसूली रशीद पिछले आठ महीने से नहीं हुई है;

(2) क्या यह बात सही है कि अंचल में लगान वसूली रसीद नहीं रहने के वजह से सरकार को राजस्व का घाटा एवं किसान सरकारी लाभ लेने से वंचित रह रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रशीद उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

स्वच्छ जल उपलब्ध कराना

*252. डॉ0 अच्युतानन्द—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के महनार प्रखण्ड अन्तर्गत महनार बाजार से हसनपुर तक गंगा नदी के किनारे का जल आर्सेनिकयुक्त है;

(2) यदि उपरोक्त खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जनहित में महनार के हसनपुर में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाकर महनार प्रखण्ड की जनता को आर्सेनिकयुक्त स्वच्छ जल उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

अवगत कराना

*253. श्री संजय कुमार—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि संसदीय कार्य विभाग, बिहार के पत्रांक 860, दिनांक 11 सितम्बर, 2006 द्वारा सांसदों, विधायक द्वारा राज्य में पदस्थापित पदाधिकारियों के नाम लिखे पत्रों की प्राप्ति की सूचना देने संबंधी आदेश दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि रामफूलन उपाध्याय पूर्वी बोरिंग कैनाल रोड, पटना के आरोप संबंधी आवेदन-पत्र पर विभगीय मंत्री ने अपने पत्रांक 677, दिनांक 11 जून 2012 द्वारा नगर आयुक्त, पटना नगर निगम को एक सप्ताह के अन्दर जांच प्रतिवेदन समर्पित करने का आदेश दिया था;

(3) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता ने अपने पत्रांक 513, दिनांक 13 जून, 2012 द्वारा जाँच प्रतिवेदन की एक प्रति उन्हें देने का अनुरोध नगर आयुक्त, पटना नगर निगम को किया था, जो आजतक अप्राप्त है;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार संबंधित जाँच प्रतिवेदन से प्रश्नकर्ता को अवगत कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भंडारण कराना

*254. श्री जावेद इकबाल अंसारी—क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिले के बाराहाट प्रखंड में 50 टन क्षमता का गोदाम का कार्य पूर्ण हो चुका है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गोदाम के निर्माण के बावजूद भी सरकारी अनाजों का भंडारण भाड़े पर लिए गए गोदाम में ही कराया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सरकारी गोदाम में अनाज भंडारण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

चालू करवाना

*255. श्री प्रदीप कुमार—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत काशीचक बाजार में जलस्तर काफी नीचे रहने के कारण पेयजल का घोर अभाव है;

(2) क्या यह बात सही है कि काशीचक बाजार में पेय जलापूर्ति हेतु पानी टंकी पाईप लाईन तथा जेनरेटर तथा अन्य संयंत्र विगत एक वर्ष से लगा हुआ है, परन्तु आजतक चालू नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार काशीचक में नवनिर्मित पानी टंकी को कबतक चालू करवाने का विचार रखती है ?

------------

जलापूर्ति प्रारम्भ कराना

*256. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत बारून प्रखण्ड अन्तर्गत बारून में तथा सुन्दरगंज में जल-मीनार एवं जल वितरण के निर्माण का कार्य पूरा कर लिया गया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त जल-मीनार से नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

------------

पैक्स गोदाम बनाना

*257. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा—क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत गुरूआ प्रखण्ड के किसानों से धान एवं गेहूँ की खरीद पैक्स के माध्यम से किया जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि गुरूआ प्रखण्ड के दुवा पंचायत, रघुनाथ खाप पंचायत, पलुहारा पंचायत, सिमारू पंचायत, माण्डा पंचायतों में गोदाम नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गुरूआ प्रखण्ड के उक्त पंचायतों में पैक्स गोदाम बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नाला निर्माण कराना

*258. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत नगर पंचायत शेरघाटी में गांजा मोड़, लोदी शहीद एवं गढ़ मुहल्ला में जल निकासी की व्यवस्था नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि जल निकासी की व्यवस्था नहीं रहने से घरों का गंदा पानी सड़क पर बहता है, जिससे आमजनों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गांजा मोड़ से लोदी शहीद गढ़ मुहल्ला होते हुए नदी तक नाला निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

उपलब्ध कराना

*259. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रदेश में शहरी क्षेत्रों भूमिहीन/भवनहीन गरीबों/दलित/महादलित वर्ग के लोगों को भूमि/भवन उपलब्ध कराने हेतु सरकार द्वारा 2010 में योजना शुरू की गई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि शहरी क्षेत्र के गरीब खुले आसमान और चौराहे पर जीवन गुजर बसर करने को मजबूर है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शहरी क्षेत्रों में भूमिहीन/भवनहीन गरीबों को भूमि/भवन उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

---------

जलापूर्ति कराना

*260. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत विक्रमगंज अनुमंडल मुख्यालय में जलापूर्ति व्यवस्था काफी जर्जर होने के कारण जलापूर्ति सालोभर प्रभावित रहती है, यदि हां, क्या सरकार जलापूर्ति व्यवस्था को सुदृढ कर सुचारू रूप से जलापूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पदस्थापित करना

*261. श्री बैद्यनाथ सहनी--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत प्रखंड ताजपुर एवं प्रखंड मोड़वा में प्रखंड कृषि पदाधिकारी का पद 7 माह से रिक्त है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त दोनों प्रखंड में अविलम्ब प्रखंड कृषि पदाधिकारी को पदस्थापित करने का विचार रखती है ?

---------

सुविधाओं का निर्माण

*262. श्री अवनीश कुमार सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना शहर में माननीय उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद नगर निगम द्वारा वर्ष 1999 में एक करोड़ रुपये की लागत से 36 पब्लिक यूरीनल और 22 पब्लिक टॉयलेट बनाये गए, लेकिन अब एक भी कार्यरत नहीं है, जिसके कारण नागरिकों को खुले में उत्सर्जन करना पड़ रहा है, यदि हां, तो सरकार कबतक जनहित में नागरिक सुविधाओं का निर्माण कराने का विचार रखती है ?

उप-केन्द्र बनाना

*263. श्री चन्द्रशेखर--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि टोला भीमपुरा, ग्राम पंचायत मानिकपुर, प्रखंड+जिला मधेपुरा में पशु चिकित्सा उप-केन्द्र हेतु ग्रामीणों ने 1 (एक) बीघा 2, (दो) कट्ठा, 18 (अठारह) धुर जमीन वर्ष 1962 में ही सरकार को निबंधित कर दिया है;

(2) क्या यह बात सही है कि जमीन का खाता संख्या 522, 615, 595 तथा खेसरा संख्या 2831, 2830, 2829, 2828, 2832, 2812 है एवं केवाला सं० 9780, दिनांक 29 नवम्बर, 1962 है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्णित भू-खण्ड पर पशु चिकित्सा उप-केन्द्र बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

टंकी का निर्माण

*264. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय नगर परिषद् क्षेत्र अन्तर्गत पुरानी अस्पताल परिसर में निर्मित पानी टंकी की स्थिति अत्यन्त जर्जर है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जनहित में उक्त जर्जर पानी टंकी को ध्वस्त कर नया टंकी का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

शामिल कराना

*265. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार के पटना, मुंगेर, भागलपुर सहित राज्य के कई जिलों में आई०एच०डी०पी० योजना के तहत स्लम एरिया में बुडको द्वारा गरीबों के निजी जमीन पर उनके लिए गृह निर्माण कराया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि लखीसराय नगर परिषद् को इस योजना में शामिल नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लखीसराय नगर परिषद् को भी इस योजना में शामिल करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

गठन करना

*266. श्री सुबोध राय--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला का विश्वविख्यात, सुलतानगंज श्रावणी मेला लाखों देशी-विदेशी शिव भक्तों एवं श्रद्धालुओं का महाकुंभ है;

(2) क्या यह बात सही है कि वहां कोई अलग मेला प्राधिकार नहीं रहने के कारण स्थानीय प्रशासन श्रावणी मेला का कुशल प्रबंधन नहीं कर पाता है जिससे कांवरियों एवं स्थानीय जनता को भारी कठिनाइयों के दौर से गुजरना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्वच्छता, स्वास्थ्य, बिजली, विधि व्यवस्था, राजस्व प्रबंधन के लिए सुलतानगंज श्रावणी मेला के लिए अधिकार सम्पन्न मेला प्राधिकार का गठन करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जल निकासी की व्यवस्था

*267. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के सिकरहना अनुमण्डल मुख्यालय ढाका में विगत 10-15 वर्षों से जल निकासी व्यवस्था नहीं होने के कारण नगर परिषद् क्षेत्र के आमजनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य अप्रैल, 2011 में संबंधित स्थानीय पदाधिकारियों से जल निकासी व्यवस्था हेतु अनुरोध किये जाने के बावजूद अभीतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है ;

(3). यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अनुमंडल मुख्यालय, ढाका से जल निकासी की व्यवस्था करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

--------

जलापूर्ति लगाना

*268. श्री श्रवण कुमार--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के अन्तर्गत बेन प्रखण्ड के बारा, एकसारा, सौरे में ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना नहीं है, जिसके चलते ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव की आबादी लगभग पाँच हजार है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उपरोक्त ग्रामों में ग्रामीण पाइप जलापूर्ति लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक ?

--------

जमीन आवंटन करना

*269. श्री श्यामदेव पासवान--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला में ठनकुपा प्रखण्ड है जो शिक्षा विभाग के जमीन में बना ट्राईजम भवन में प्रखण्ड चल रहा है ;

(2) यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त जमीन अधिग्रहण कर ठनकुपा प्रखण्ड के लिए जमीन आवंटित कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

--------

उपलब्ध कराना

*270. श्री विनय बिहारी--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पं० चम्पारण जिला के योगापट्टी प्रखंड अन्तर्गत हथिया पंचायत के वार्ड नं० 10 के बी०पी०एल० सूची में अक्टूबर, 2012 में 110 नये उपभोक्ताओं का नाम शामिल किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अक्टूबर, 2012 से नये उपभोक्ताओं के खाद्यान्न का उठाव अभीतक नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (1) में शामिल हुए नये बी०पी०एल० उपभोक्ताओं को खाद्यान्न उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कब से, नहीं, तो क्यों ?

--------

आवंटन करना

*271. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समाहर्ता, गोपालगंज द्वारा अपने पत्रांक 2240/रा०, दिनांक 25 अक्टूबर, 2012 को प्रधान सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से वित्तीय वर्ष 2012-13 के लिये सम्पर्क सड़क योजनान्तर्गत रैयती भूमि के अर्जन हेतु गोपालगंज जिला को प्रस्तावित राशि 85 लाख रुपये का आवंटन उपलब्ध कराने की माँग की गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि सम्पर्क सड़क योजनान्तर्गत रैयती भूमि के अर्जन हेतु अबतक 85 लाख रुपये का आवंटन राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के द्वारा नहीं की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक सम्पर्क पथ हेतु गोपालगंज जिला को 85 लाख रुपये की राशि आवंटन करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

वन क्षेत्र बढ़ाना

*272. श्रीमती पूनम देवी यादव--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत पसराहा के महदीपुर गाँव आम एवं लीची के अच्छे उत्पादन एवं उन्नत किस्म-के लिए जिला में मशहूर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अन्य वनस्पतियों में बबूल, नीम, शिरीस, शीशम तथा बेल इत्यादि पाये जाते हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत 13,694 (तेरह हजार छ: सौ चैरानवे) हेक्टेयर गैर-कृषि योग्य बंजर भूमि है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गैर-कृषि योग्य बंजर भूमि पर आम एवं लीची सहित अन्य वन क्षेत्र बढ़ाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नक्शा उपलब्ध करना

*273. श्री राम नरेश प्रसाद यादव--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के अन्तर्गत 17 अंचल है, जिससे प्रत्येक गाँव (मौजे) का नक्शा जिला नजारत कार्यालय में रहता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि परिहार एवं सोनबरसा अंचल सहित सम्पूर्ण जिला के किसी भी गाँव का नक्शा सीतामढ़ी नजारत में दो वर्षों से उपलब्ध नहीं है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार परिहार, सोनबरसा अंचल सहित सम्पूर्ण जिले को अंचलों के गाँवों का नक्शा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषी पर कार्रवाई

*274. श्री शशि भूषण हजारी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना स्थित बोरिंग रोड के मोंटेश्वरी स्कूल लेन में बहुमंजिला अपार्टमेंट के निर्माण के कारण सड़क यातायात अवरुद्ध हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दस फीट चौड़े सड़क वाली गली में बहुमंजिलें मकान बनाने का सरकारी प्रावधान नहीं है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मामले की जाँच कर दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

चालू कराना

*275. श्री अजय कुमार सिंह--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना सिटी स्थित अन्न भंडारण (शैलो) से सटा कोल्ड स्टोरेज बाजार समिति द्वारा संचालित था ;

(2) क्या यह बात सही है कि यह 2003-04 के बाद से ही बन्द है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कोल्ड स्टोरेज को चालू कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक ?

सुविधा मुहैया कराना

*276. श्री तार किशोर प्रसाद—स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 12 जनवरी, 2013 को प्रकाशित शीर्षक "खजाने में पड़े रुपये सिर धुन रही पब्लिक" के आलोक में क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में नगर निकायों को दिसम्बर, 2012 तक नागरिक सुविधायें बढ़ाने हेतु 1920.82 करोड़ की राशि दी गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य के दस जिलों में दिसम्बर, 2012 तक 50 प्रतिशत से अधिक राशि खर्च नहीं हो पाई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार नगर निकायों के तंत्र को बेहतर सुविधायें मुहैया कराने हेतु सुदृढ़ करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

शवदाह गृह बनाना

*277. डॉ0 अरूण कुमार—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा प्रत्येक अनुमण्डल में एक विद्युत् ताप शवदाह गृह का निर्माण करने हेतु वर्ष 2009 में निर्णय लिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत बख्तियारपुर अनुमण्डल में विद्युत् शवदाह गृह नहीं बनाया गया है,

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अनुमण्डल में विद्युत् ताप शवदाह गृह बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

प्रयोगशाला खोलना

*278. डॉ0 फैयाज अहमद—क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बिस्फी एवं रहिका प्रखण्ड में मिट्टी जाँच प्रयोगशाला नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि मिट्टी जाँच प्रयोगशाला नहीं रहने के कारण उक्त प्रखण्डों के किसान इस लाभ से वंचित हो गये हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त प्रखण्डों में मिट्टी जाँच प्रयोगशाला खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

नाले को ढकना

*279. श्री अशोक कुमार—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत बोरिंग रोड में अनुग्रह ना0 कॉलेज के सामने स्थित राजेश पेट्रोल पम्प के बगल से गुजरने वाला सिवरेज नाला जो उत्तर श्रीकृष्णापुरी कॉलोनी के विवेकानन्द पथ को क्रॉस करते हुए आगे बोरिंग कैनाल पथ के मुख्य सिवरेज नाले में मिला है, वह कई स्थानों पर खुला हुआ है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जनहित में इस सिवरेज नाले को पूर्णरूपेण आर0सी0सी0 स्लैब से ढककर यहां के बाशिंदों को इन समस्याओं से निजात दिलाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक ?

पद की स्वीकृति

*280. श्री दुलालचन्द्र गोस्वामी—क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मत्स्य संसाधन विभाग में जिला स्तर पर सहायक अभियंता का पद नहीं रहने के कारण विभागीय कनीय अभियंता द्वारा बनाये गये प्राक्कलन पर तकनीकी स्वीकृति एवं विभाग में चल रहे विकास कार्यों की नियमित जाँच और तकनीकी पर्यवेक्षण में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार मत्स्य विकास कार्यक्रम में आशातीत प्रगति हेतु जिला स्तर पर सहायक अभियंता का पद स्वीकृत करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

उपलब्ध कराना

*281. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन—क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नगर विकास एवं आवास विभाग के ज्ञापांक 02/वी0पी0एल0-03/09-1075/न0वि0 एवं आ0वि0/पटना, दिनांक 18 अक्तूबर, 2012 द्वारा शहरी क्षेत्रों में अद्यतन सर्वेक्षित परिवारों की सूची विहित प्रपत्र में संलग्न कर आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित किया है;

(2) क्या यह बात सही है कि अद्यतन सर्वेक्षित परिवारों की सूची को आवश्यक कार्रवाई कर खाद्यान्न एवं किरासन तेल उपलब्ध नहीं कराने से शहरी लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा प्रेषित सूची के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई कर खाद्यान्न एवं किरासन तेल उपलब्ध कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

योजना पूरा कराना

*282. श्री अवनीश कुमार सिंह—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय गंगा नदी बेसिन प्राधिकार के तहत गंगा के किनारे बसे प्रदेश के चार स्थलों हाजीपुर, बेगूसराय, बक्सर और मुंगेर में सीवेज और कचरा प्रबंधन के साथ गंगा किनारों के सौंदर्यीकरण हेतु योजना की स्वीकृति केन्द्र सरकार से राज्य सरकार को वर्ष 2011-12 में ही प्राप्त हो गई;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना के तहत हाजीपुर के लिए 113 करोड़, बेगूसराय के लिए 74 करोड़, बक्सर के लिए 187 करोड़ और मुंगेर के लिए 441 करोड़ रुपये राज्य सरकार को प्राप्त हो चुके हैं;

(3) क्या यह बात सही है कि अभीतक उपरोक्त चारों शहरों में एक भी योजना पूर्ण नहीं हुई है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त योजना को पूरा कराने का विचार रखती है ?

------------

अस्पताल खोलना

*283. श्री ललित कुमार यादव—क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत सदर प्रखण्ड में बलहा, लोआम, बिजली, छोटाइपट्टी आदि और मनीगाछी प्रखण्ड में वाजीतपुर, भंडारीसम, ज्योतका पैकुटोल, माउंबेहट आदि पंचायत में पशु चिकित्सा अस्पताल नहीं है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार सदर प्रखण्ड के बलहा पंचायत में एवं मनीगाछी प्रखण्ड के वाजीतपुर पंचायत के चक्का गाँव में पशु चिकित्सा अस्पताल खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

ढलाई कराना

*284. श्री हरिनारायण सिंह—क्या मंत्री, नगर विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना शहर के दीघा क्षेत्रान्तर्गत आशियाना कुर्जी खुला नाला का 1.75 कि0मी0 का कार्य प्रायः पूरा हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नाला के शेष 2 कि0मी0 भाग का निर्माण नहीं होने से उसका पूर्ण उपयोग नहीं हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नाला के शेष भाग को उक्त योजना में शमिल कर पक्का ढलाई करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नाला निर्माण कराना

*285. श्री विनोद प्रसाद यादव-- क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत नगर पंचायत, शेरघाटी में सत्संगनगर मुहल्ला में जल निकासी की व्यवस्था नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि जल निकासी की व्यवस्था नहीं रहने के कारण आमजनों को काफी कठिनाई होती है एवं बरसात के दिनों में घरों में पानी घुस जाता है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सत्संगनगर मुहल्ला में पक्की सड़क से डॉ० शिवशंकर प्रसाद के घर एवं देवी स्थान होते हुए चट्टी रोड होकर नदी तक नाला निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

नीति में संशोधन

*286. श्री अवधेश कुमार राय-- क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के नागरिकों को शहरों में सस्ते दर पर आवास/आवासीय भू-खंड उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बिहार राज्य आवास बोर्ड का गठन किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य आवास बोर्ड द्वारा नो प्रोफिट नो लॉस के आधार पर लोगों को मकान तथा भू-खंड उपलब्ध कराया जाता है;

(3) क्या यह बात सही है कि मूल आवंटी द्वारा दूसरे व्यक्ति के नाम मकान के निबंधन की स्थिति में आवास बोर्ड द्वारा वर्तमान बाजार दर पर संपत्ति की कीमत के आधार पर लाभांश लिया जा रहा है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या आवास बोर्ड द्वारा वर्तमान बाजार मूल्य पर लाभांश वसूली का क्या औचित्य है तथा सरकार दस तरह की लाभांश वसूली संबंधी नीति में संशोधन कर इसे समाप्त करना चाहती है ?

------------

वासगीत पर्चा देना

*287. श्री शशिभूषण हजारी-- क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बिरौल अंचल के ग्राम हाटी स्थित गोलछी टोले के खेसरा नं० 288, 390 पुराना, नया खेसरा 344, 346 तथा 347 की भूमि में पच्चीस-तीस वर्षों से राजेन्द्र मुखिया, उगन मुखिया, दिनेश मुखिया, बसंती देवी, अजय पंडित सहित करीब दो दर्जन परिवार अपना घर बनाकर निवास कर रहे हैं, किन्तु उन्हें अबतक उक्त भूमि के वासगीत का पर्चा नहीं मिला है;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त खेसराओं की भूमि सिलिंग ऐक्ट के तहत वर्ष 1975 में सरकार द्वारा अर्जित की गई थी;

(3) क्या यह बात सही है कि हाटी गाँव के अतिपिछड़ी जाति के भूमिहीन राजेन्द्र मुखिया सहित अन्य ग्रामीणों ने वासगीत पर्चा हेतु अपना आवेदन भी अंचलाधिकारी, बिरौल को दिया मगर वासगीत पर्चा देने में आनाकानी की जा रही है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त भूमिहीनों को वासगीत का पर्चा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

चापाकल गाड़ना

*288. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह-- क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्षा की कमी की वजह से समस्तीपुर जिला के उजियारपुर प्रखंड के सभी पंचायतों का भू-गर्भीय जल स्तर निचे तक आ जाने की वजह से तालाब, पोखर, कुएँ सुखने के कगार पर हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि देहातों में चापाकल से पर्याप्त पानी नहीं निकल पा रहा है, जिससे पेयजल की गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उजियारपुर प्रखंड के सभी पंचायतों के सभी वार्डों में एक-एक श्री इंडिया चापाकल गाड़ने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

राशि का भुगतान

*289. श्री अवधेश कुमार राय-- क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2010 का फसल क्षतिपूर्ति हेतु फसल बीमा की राशि सभी प्रकार की जाँच-पड़ताल के बावजूद बेगूसराय सहित राज्य के अधिकांश जिले फसल बीमा के लाभार्थियों को भुगतान से वंचित रखा गया है;

(2) यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक फसल बीमा राशि का भुगतान लाभार्थी किसानों को करने का विचार रखती है ?

------------

पदस्थापन करना

*290. श्री वैद्यनाथ सहनी-- क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत मोरवा अंचल कार्यालय में अंचलाधिकारी का पद 6 माह से रिक्त है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अंचल कार्यालय में अविलंब अंचलाधिकारी पदास्थापित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक ?

------------

सड़क का पक्कीकरण

*291. श्री अब्दुल गफूर-- क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा नगर परिषद् के वार्ड नं० 22 के अलीनगर महल्ला में सहरसा-बनगाव पथ से अलीनगर मस्जिद तक की सड़क काफी जर्जर है तथा सड़क का पक्कीकरण नहीं होने के कारण आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

विस्तार कराना

*292. डॉ० इजहार अहमद-- स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 29 अक्टूबर, 2012 को प्रकाशित शीर्षक ''बोरिंग है मगर पाइप नहीं'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत चैलीटाल वार्ड नं० 58 में लगभग 80 हजार आबादी है तथा इस वार्ड में दो बोरिंग क्रमशः बड़ी पटनदेवी एवं फायर बिग्रेड कार्यालय परिसर में है, लेकिन इसका समुचित लाभ आम लोगों को नहीं मिल पा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि दुर्गा चरण लेन, सिंधुआ टोली, सादिकपुर गली, बेलवरगंज एवं गायघाट, दक्षिणी गली में अबतक पाइप लाइन का विस्तार नहीं हुआ है तथा वहाँ लगे चापाकल भी बंद पड़े हुए हैं;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में पाइप लाइन विस्तार करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

शुद्ध जल उपलब्ध कराना

*293. श्री जनार्दन माँझी-- क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत प्रखंड शम्भुगंज के ग्राम गुलनी ग्राम में पीने का पानी दूषित है;

(2) क्या यह बात सही है कि 25 वर्ष पहले उक्त ग्राम में पानी का पाइप बिछाया गया था लेकिन पानी टंकी का आजतक निर्माण नहीं हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक पानी टंकी का निर्माण कराकर उक्त ग्राम के वासियों को शुद्ध जल पीने हेतु उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्यान्वयन सुनिश्चित कराना

*294. श्री गिरिधारी यादव—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के प्रत्येक नागरिक को 70 लीटर पानी रोजाना उपलब्ध कराने हेतु पेयजल नीति वर्ष 2010 में स्वीकृत की गयी थी, परन्तु इस दिशा में आजतक कोई काम नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पेयजल नीति का कार्यान्वयन कबतक सुनिश्चित कराने का विचार रखती है ?

---

पदस्थापित करना

*295. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह—क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नबीनगर प्रखंड एवं बारून प्रखंड में विगत 3 वर्षों से एम०ओ० का पद रिक्त है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों प्रखंडों में एम०ओ० के पद रिक्त होने से जन-वितरण कार्य में काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त प्रखंडों में एम०ओ० के रिक्त पद पर एम०ओ० पदस्थापित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्यान्वित कराना

*296. श्री राजेश सिंह—हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 6 जनवरी, 2013 को प्रकाशित ''खर्च 60 फीसद और 83 फीसद योजना पूरी'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में मुख्य मंत्री नगर विकास योजना के तहत वर्ष 2008-09 से 2012-13 पिछले 5 (पाँच) सालों के भीतर इस राशि को जिलावार आवंटित की गई, परन्तु सिर्फ 60.16 प्रतिशत राशि की खर्च हुई और 83.60 फीसदी योजनाओं को पूर्ण दिखा दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि लखीसराय और शिवहर में चयनित योजना और पूर्ण काम का आँकड़ा शून्य दिखाया गया है, जबकि खर्च 28.87 प्रतिशत, 69.89 प्रतिशत दिखाया गया है तथा खर्च के मामले में बेगूसराय, खगड़िया और बेतिया की गति धीमी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बेगूसराय, खगड़िया और बेतिया जिलों की उक्त योजना के कार्यों के कार्यान्वित नहीं करने का क्या औचित्य है ?

---

मुहैया कराना

*297. प्रो० उषा सिन्हा—दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 26 जनवरी, 2013 को प्रकाशित ''नगर निगम के जलापूर्ति केन्द्रों की स्थिति जर्जर'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना नगर निगम के पास 111 जलापूर्ति केन्द्र है तथा पैसों के अभाव में जलापूर्ति संयंत्रों की मरम्मत पिछले दस से भी अधिक वर्षों से नहीं की जा सकी है, जिसके कारण शहर की बड़ी आबादी को आये दिन पानी की समस्या से जूझना पड़ता है;

(2) क्या यह बात सही है कि मरम्मत के अभाव में मशीनों के पम्प, लाइन साफ्ट, स्पाइडर और बेयरिंग बार-बार टूटती है और पेय जलापूर्ति बाधित होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जलापूर्ति केन्द्रों के रख-रखाव और मरम्मत हेतु आवश्यक संसाधन मुहैया कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

पेयजल उपलब्ध कराना

*298. डॉ० दाउद अली—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के आशियाना रोड रामनगरी मोड़ स्थित बैंक ऑफ इण्डिया कॉलनी, पटना नगर निगम के तहत आता है यहाँ के निवासी नियमित रूप से नगर निगम का जलकर-मलकर टैक्स का भुगतान करते हैं, परन्तु 28 जनवरी, 2013 तक पेयजल का पाइप लाइन अभीतक नहीं लगाया जा सका है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कॉलनीवासी अपने-अपने बोरिंग से जल प्राप्त करते थे, लेकिन जल का स्तर काफी नीचे चले जाने से लगभग बोरिंग फेल हो चुका है और जल संकट गहरा गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बैंक ऑफ इण्डिया कॉलनी में वाटर बोर्ड को पाइप लाइन बिछाकर पेयजल उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

मछली का उत्पादन

*299. श्रीमती पुनम देवी यादव—क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत एन०एच० 31 के पूर्वी ठाठा, चैधा, बन्नी होते हुए एन०एच० 107 तक कसरैया झील अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त झील में रेहू, कवई, बुआरी, बचवा, मांगुर और टेंगरा जैसी मछलियाँ बहुतायत मात्रा में पाई जाती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्थानीय लोगों को आर्थिक समृद्धि के लिए उक्त झील में वैज्ञानिक तरीके से मछली उत्पादन कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्वास्थ्य केन्द्र खोलना

*300. श्री सबा जफर—क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अन्तर्गत अमौर प्रखंड में कुल 25 पंचायत है, परन्तु एक ही पशु चिकित्सक प्रखंड मुख्यालय में उपलब्ध है, जिसके कारण सभी पंचायतों के पशुपालकों के पशुओं का चिकित्सा संभव नहीं हो पा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि दूर-दराज से आमजनों को मवेशी का इलाज कराने प्रखंड मुख्यालय आना पड़ता है तथा रात के समय पशुओं के बीमार होने पर चिकित्सक के अभाव में प्रखंड मुख्यालय दूर रहने के कारण पशुओं की मृत्यु हो जाती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में उक्त प्रखंड के झोवाडी, बारा ईदगाह, विष्णुपुर एवं खाडीहाट में पशु उप-स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पदस्थापित करना

*301. डॉ० फैयाज अहमद—क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बिस्फी प्रखण्ड मुख्यालय अवस्थित मवेशी अस्पताल में एक भी डॉक्टर पदस्थापित नहीं है;

(2) यदि खण्ड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बिस्फी स्थित मवेशी अस्पताल में डॉक्टर पदस्थापित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

लाईट लगवाना

*302. श्रीमती मंजु हजारी—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत नगर पंचायत, रोसड़ा में स्ट्रीट लाईट की पर्याप्त व्यवस्था नहीं रहने के कारण नगरवासियों को रात्रि काल में काफी कठिनाई होती है;

(2) यदि खण्ड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार रोसड़ा नगर में आवश्यकता अनुसार स्ट्रीट सोलर लाईट लगवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

खरीदने का औचित्य

*303. श्री राजेश सिंह--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 17 जनवरी, 2013 को प्रकाशित ''कई जिलों में नहीं खरीदा गया धान'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के किसानों से प्राथमिक साख समिति के माध्यम से तीस लाख मिट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2012-13 में निर्धारित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मुंगेर, मधेपुरा, सुपौल सहित अन्य जिलों में अभीतक धान की खरीद नहीं की गयी है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त लक्ष्य के विरुद्ध अभीतक मात्र 18413 मिट्रिक टन धान की खरीद की गई है जो मात्र 3.18 फीसदी का है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार लक्ष्य के विरुद्ध मात्र 3.18 प्रतिशत ही धान अभीतक खरीदने का क्या औचित्य है ?

--------

नियमावली बनाना

*304. श्री (मो०) आफाक आलम-- हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में 3 जनवरी, 2013 को प्रकाशित ''अधिकारियों के इस्तेमाल को नियमों का इंतजार'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार में नगरपालिक अधिनियम, 2007 की नियमावली नहीं बनाई गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नियमावली नहीं बनाये जाने के कारण बहुमंजिला इमारत बिना अनुमति से निर्माण, बिना अनुमति के लीज के प्लौट को बेचना, सड़कों पर कूड़े का अम्बार लगना एवं नियम को भवन मालिकों के द्वारा होल्डिंग टैक्स का बकाये राशि की वसूली आदि कार्य बाधित होता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 के तहत आजतक नियमावली नहीं बनाने का क्या औचित्य है ?

--------

योजना लागू कराना

*305. श्री (मो)० आफाक आलम--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित ''फाइलों में अटकी है घरों से कूड़ा उठाने की योजना'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, नगर विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना नगर निगम में जवाहर लाल राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन योजना के तहत राजधानी के घरों में कूड़ा उठाने की योजना लम्बित है ;

(2) यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कूड़ा उठाने की योजना को व्यवहारिक रूप में लागू करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*306. श्री अशोक कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत बोरिंग रोड में अनुग्रह नारायण कॉलेज के सामने स्थित राजेश पेट्रोल पम्प के बगल में अल्पना मार्केट की तरफ निकलने वाला अनुग्रह नारायण पथ अत्यन्त ही जर्जर हो गया है, जिसमें विशेषकर स्कूली बच्चों, स्थानीय लोगों को आवाजाही में अत्यन्त ही कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित में इस जर्जर अनुग्रह नारायण पथ का पूर्ण निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

व्यवस्था कराना

*307. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत विक्रमगंज अनुमण्डल मुख्यालय में जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने से सालों भर गंदे पानी से जलमग्न रहता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जल निकासी हेतु प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा जनवरी, 2011, अगस्त, 2011, फरवरी, 2012, दिसम्बर, 2012 में स्थानीय एवं वरीय पदाधिकारियों से अनुरोध किये जाने के बावजूद भी आजतक कोई कार्रवाई नही हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जल निकासी की व्यवस्था शीघ्र कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पटनाः
दिनांक 21 फरवरी, 2013 (ई०) ।

फूल झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि०स०मु० (एल०ए०), 202 डी०टी०पी०-450